## खबर संक्षेप



### राज्यपाल ने हितग्राहियों को किया हितलाभ का वितरण

**उमरिया।** राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने ग्राम पंचायत लोढ़ा में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का हितलाभ वितरित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मीम योजना की हितग्राही रियांसी यादव पिता राजाराम यादव , पीहू यादव पिता राहुल यादव, काव्याव को 1.43 - 1.43 लाख रूपये की राशि का हितलाभ वितरित किया । इसी तरह राजस्व विभाग अंतर्गत भैया लाल पिता कतुआ बैगा, राम किशोर पिता धनुआ बैगा तथा ज्ञानचंद्र पिता चंदू को खसरा नक्शाल बी-1 का वितरण, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत प्रीति यादव पिता राकेश यादव, शिवम यादव पिता राज कुमार यादव, सोनम यादव पिता सुरेश यादव तथा प्रदीप पिता देवेश को सिकलसेल मरीज, वाहक को जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड का वितरण, मुन्ना पिता रवाईया बैगा, सुखसेन यादव, राकेश अगरिया को फूड बास्के ट का वितरण, मिथुन बैगा, रामसखी बैगा तथा छोटे लाल काछी को आयुष्मान कार्ड का वितरोण किया ।

### जियोस के चुनावों में पार्टी पर भारी पड़ा क्षेत्रवाद

# मुख्यालय ने मारी बाजी, कोयलांचल के हाथ खाली







**शहडोल।** जिला योजना समिति के चुनाव में नगर पालिका शहडोल के दोनों प्रत्याशी विजयी रहे और कोयलांचल की धनपुरी नपा के दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा, इसी तरह नगर परिषद के चुनावों में ब्यौहारी नपा के अध्यक्ष राजन गुप्ता ने कांग्रेस प्रत्याशी को पछाड़ते हुए जीत हासिल की। जिला योजना समिति के चुनावों में गुरूवार को भाजपा ने एक बार फिर कांग्रेस से बढ़त बना ली और तीन सदस्यों के चुनावों में दो पदों पर कब्जा किया, वहीं कांग्रेस के हाथ में सिर्फ एक ही पद लग सका। नगर परिषद की तुलना में नगर पालिका के सदस्यों के बीच से चुने जाने वाले जियोस सदस्यों के चुनाव में ज्यादा गहमा-गहमी थी, लेकिन चुनाव के नतीजों ने यह साफ कर दिया कि गहमा-गहमी केवल ऊपरी दिखावे की ही थी, साथ ही एकतरफा रणनीति में मुख्यालय के रणनीतिकारों ने कोयलांचल के रणनीतिकारों को धूल चटा दी और दोनों ही पद संख्या बल अधिक होने के कारण निकाय चुनाव के मानिंद ही अपने पास रख लिये, इन चुनावों में दो के अनुपात में एक पद पाने के बाद भी कांग्रेस जहां फायदे में रही, वहीं ट्रिपल इंजन वाली सरकार के रणनीतिकार आपसी मतभेदों के कारण सबकुछ होने के बाद भी एक पद गवां कर बैठ गये।

### यह रहे जियोस के नतीजे

जिला योजना समिति के गुरूवार को हुए चुनावों में नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों में से दो सदस्य चुने जाने थे, शहडोल के 39 और धनपुरी के 28, कुल 67 मत डाले जाने थे, भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही शहडोल और धनपुरी निकाय से एक-एक प्रत्याशी खड़ा किया था, जिसमें शहडोल से श्रीमती कुंतला दीक्षित भाजपा और पुणेन्द्र मिश्रा कांग्रेस प्रत्याशी रहे, वहीं धनपुरी से भोला पनिका भाजपा और आनंद मोहन जायसवाल कांग्रेस प्रत्याशी रहे, धनपुरी के दोनों ही प्रत्याशियों को हार का मुंह देखना पड़ा, कुल 67 मतदाताओं में से धनपुरी के वार्ड नंबर 02 के भाजपा पार्षद विजय यादव अनुपस्थित रहे, 66 मत डाले गये, जिसमें सबसे अधिक भाजपा की कुंतला दीक्षित को 39 मत तथा दूसरे नंबर पर कांग्रेस के पुणेन्द्र को 38 मत मिले, वहीं भोला पनिका को 28 और आनंद मोहन जायसवाल को 27 मत मिले, जिसमें एक मत रिजेक्ट कर दिया गया। इसी तरह नगर परिषद से जियोस के चुनावों में भाजपा के राजन गुप्ता ब्यौहारी को 39 मत मिले, उन्होंने कांग्रेस की सरिता सिंह देवलोंद को करारी शिकस्त दी, यहां कुल 69 मत डाले गये थे।

### पार्टीवाद पर भारी क्षेत्रवाद

जियोस चुनावों ने एक बार फिर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही राजनैतिक दलों के अंदरखाने में चल रही गुटबाजी को सामने लाकर रख दिया। शहडोल नपा में भाजपा के 18 और दो समर्थित पार्षद हैं। कांग्रेस के पास यहां भाजपा की तुलना में दो कम 18 पार्षद व एक समर्थित बताया जाता है, इसी तरह धनपुरी में पूर्व में भाजपा के पार्षद तो कम थे, लेकिन अध्यक्ष पति की राजनैतिक कुशलता ने इस संख्या को बढ़ाकर कांग्रेस को पीछे धकेलते हुए पार्षदों की संख्या 9 से बढक़र 18 तक पहुंच गई है, कांग्रेस की संख्या 12 से 9 में आ गई। जियोस के चुनाव में भाजपा के पार्षदों की संख्या अगर जोड़ी जाये तो, 38 से 39 मत दोनों ही प्रत्याशियों को मिलने चाहिए थे, कांग्रेस पहले से ही कमजोर थी, संख्या बल के हिसाब से उसके पास 29 मत ही थे, लेकिन नतीजे इस ओर इशारा करते हैं कि मतदान पार्टीवाद से हटकर, क्षेत्रवाद को ध्यान में रखकर किया गया। यही कारण था कि विजयी दोनों प्रत्याशी शहडोल नपा के रहे, दोनों दलों के रहे और शहडोल नपा की पार्षद संख्या भी विजयी प्रत्याशियों के समतुल्य ही 39 ही है।

### ...तो पंचर हो गई तीन इंजन की सरकार

जियोस के चुनावों को लेकर राजनैतिक रणनीतिकारों का मानना है कि भाजपा जीत कर भी हार गई, कांग्रेस, खासकर मुख्यालय की कांग्रेस नगरीय निकाय चुनावों की तरह अपनी रणनीति में सफल रही और पार्षदों की 29 संख्या होने के बाद भी पूणेन्द्र को 38 वोट दिलाने में सफल रही। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने इसका श्रेय नपाध्यक्ष घनश्याम जायसवाल और अजय अवस्थी को देते हुए कहा कि कांग्रेस शहडोल में सफल रही और धनपुरी के नतीजों को देखा जाये तो, वहां भी भाजपा से मुकाबला नजदीक का ही रहा। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने इन चुनावों के लिए कांग्रेस से आगे बढ़ते हुए तीन सदस्यीय कमेटी भी बनाई थी, जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छाबड़ा और पूर्व नपाध्यक्ष प्रकाश जगवानी, वर्तमान उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा डोली एक पखवाड़े से इस हार-जीत के लिए रणनीति बना रहे थे, बीते दिवस भाजपा कार्यालय में बैठक भी हुई और नाम की घोषणा बड़े अंदाज से की गई, जिसकी हवा अगले 24 घंटे में निकल भी गई। हालाकि श्रीमती कुंतला दीक्षित व राजन गुप्ता की विजय ने हार पर मलहम तो लगा दिया, लेकिन राजन गुप्ता और श्रीमती कुंतला दीक्षित रणनीतिकारों के कारण नहीं बल्कि अपने स्वभाव और पार्टी की साख पर विजयी हुए। इन चुनावों में भाजपा की गुटबाजी इस कदर हावी रही कि मुख्यालय में भाजपा के दर्जनों बड़े नेताओं ने इन चुनावों से दूरी बनाये रखी।

# ब्रह्माकुमारीज दिव्य प्रकाश भवन में 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती धूमधाम से संपन्न



**बुढार।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 89वी त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सेवा केंद्र संचालिका रीता दीदी ने सभी को शिवरात्रि की शुभकामनाएं दी तथा आए हुए सभी बीके सदस्य को परमात्मा से निरंतर अपने मन को लगाने से मनजीत जगजीत सहज बनने तथा शिवरात्रि का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि कि शिव पर सिर्फ अक,धतूरा,भांग, नहीं चढावे, बल्कि अपने अंदर के विषय विकार बुराइयों,को शिव पर अर्पण करें। उन्होंने कहा कि शिव के निराकार रूप के यादगार रूप मे 12 ज्योर्तिलिंगम के रूप में हम भक्ति करते हैं अर्थात शिव ही प्रकाश स्वरूप, ज्योति स्वरूप, निराकार स्वरूप है, ज्ञान स्वरुप हैं,हम सब आत्माओं के परमपिता हैं, सहज राजयोग का ज्ञान देते हैं, जिससे हमारे अंदर के अंधकार समाप्त हो जाते हैं,जब आत्मा में पांच विकार रूपी ग्रहण लग जाता है तब आत्माओं को पावन बनाने का सहज राजयोग का ज्ञान देते हैं,उसी के यादगार मे हम शिवरात्रि मनाते हैं शिव अर्थात सदा कल्याण करने वाले, सब की बुराइयों को समाप्त करने वाले, सबके विष को हरने वाले है। बीके संस्था के बीके प्रवीण ने सभी को शिव ध्वज के नीचे प्रतिज्ञाएं करवाई, की सदा सभी के प्रति शुभ भावना व शुभकामना रखेंगे, अपने अंदर के विषय विकार को समाप्त करना, व्यसनो से मुक्त रहना,तथा सर्व के प्रति सहयोग भावना रखना।

# केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह का आत्मीय स्वागत



**उमरिया।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्यााण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का एयर स्ट्रिप उमरिया में आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, पूर्व सांसद ज्ञान सिंह, विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह, विधायक बांधवगढ़ शिव नारायण सिंह, कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता, पुलिस महा निरीक्षक अनुराग शर्मा, डीआईजी सुश्री सविता सुहाने, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल, मिथिलेश पयासी, दीपक छत्तवानी, पंकज तिवारी ने स्वागत किया।

# करंट मे फंसने से युवक की हुई मौत

### पुलिस ने किया खुलासा, 02 आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना में 26 फरवरी को ज्ञानेन्द्र कुमार बैस पिता चन्द्रमणि बैस उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम साखी थाना में मौखिक सूचना दी गई कि उसके ग्राम खडहुली स्थित खेत मे काम करने के लिये 02 मजदूर शिवप्रसाद कोल पिता श्यामलाल कोल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम साखी एवं उसके रिश्ते का बाबा गेंदलाल कोल पिता शिवदयाल कोल निवासी ग्राम साखी रहते थे 25 फरवरी को रात्रि मे दोनो लेबरों को खेत मे बने कमरे मे छोडक़र घर साखी चला गया था, सुबह आकर देखा तो कमरे मे गेंदलाल सोया था, किन्तु शिवप्रसाद नही था, गेंदलाल से पूछने पर उसने जानकारी न होना बताया। मोटर स्टार्ट करने के लिए गैरिज मे जाने पर शिवप्रसाद कोल को मरा हुआ मिला, उसके बायें पैर की पिंडली में कई जगह बिजली का करंट लगा होना पाया गया, गेंदलाल से पूछने पर जानकारी न होने पर कमरे मे करंट लगने की कोई संभावना न होने मोटर का स्टार्टर 05 फीट ऊपर होना बताया। गेंदलाल द्वारा पूछने पर यह बात बताया गया कि बीती रात पडोंस का किसान सुन्दर लाल कहार द्वारा घर में पानी लेने आने पर खेत तरफ न आने के लिये कहा, सुन्दर लाल के खेत तरफ जाना तो चना के खेत मे जंगली जानवरों को बिजली का करंट लगाकर मारने के लिए तार एवं खूंटी उखाडते हुए देखना बताया । पुलिस ने धारा 194 बी.एन्.एस.एस. का कायम कर जांच मे लिया गया ।

मर्ग की जांच के दौरान मृतक शिवप्रसाद कोल के शव का पंचनामा किया जाकर पी.एम. सी.एच.सी. ब्यौहारी से कराया गया। प्रकरण मे सूचना के आधार पर आरोपी सुन्दरलाल कहार पिता कामता प्रसाद कहार उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम खडहुली एवं राजकुमार कुशवाहा पिता रामकिंकर कुशवाहा उम्र 43 वर्ष निवासी झिरिया टोला थाना ब्यौहारी हाल ग्राम खडहुली को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई तो, आरोपी सुन्दर लाल कहार द्वारा 25 फरवरी की रात्रि मे अपने खेत मे बोई चने की फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिए 11000 वोल्ट की बडी लाईन मे जी.आई. तार से खूटी गाडकर करंट फैलाना तथा रात्रि करीबन 02 बजे उसमे फंस कर शिवप्रसाद कोल की मृत्यु हो जाने पर अपने पडोंसी खेत मे काम करने वाले राजकुमार कुशवाहा को फोन कर बुलाकर साक्ष्य छुपाने के आशय से मृतक शिवप्रसाद कोल को उठाकर उसके खेत के गैरिज मे रखकर चले जाना बताया। प्रकरण मे आरोपीगण के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त जी.आई. तार एवं खूंटी तथा 02 नग मोबाईल फोन जप्त किया गया है । पुलिस ने धारा 105, 238(बी) बी.एन.एस. कायम कर दोनो आरोपियों को 27 फरवरी को गिरफ्तार किया गया है जिन्हे न्यायालय मे पेश किये जाने पर न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया है ।

उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं अति.पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान तथा एसडीओपी रवि प्रकाश कोल के दिशा निर्देशन मे ब्यौहारी पुलिस द्वारा की गई है । कार्यवाही मे थाना प्रभारी अरूण पाण्डेय एवं उपनिरीक्षक मोहन पडवार, सहायक उपनिरीक्षक राजेन्द्र द्विवेदी, सहायक उपनिरीक्षक गया प्रसाद कन्नौजे, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र उपाध्याय, आरक्षक त्रिलोक सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, गंगा सागर गुप्ता की भूमिका रही है ।

## छात्रावासों में नशे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित, उल्लंघन पर होगी कार्यवाही

**शहडोल।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा ने बताया कि नशा मुक्ति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नशामुक्ति समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि समिति में प्रत्येक छात्रावासों के लिए समिति के सदस्य छात्रावासों के प्रभारी अधीक्षक एवं पालक समिति के प्रस्ताव अनुसार छात्रावासों में प्रवेशित दो सीनियर विद्यार्थी एवं प्रत्येक शालाओं के लिए आश्रम शालाओं के प्रभारी अधीक्षक सदस्य एवं आश्रम शालाओं में पदस्थ दो शिक्षक समिति के सदस्य होंगे। उन्होंने बताया कि छात्रावासों में गठित नशामुक्ति समिति यह सुनिश्चित करेगी कि छात्रावास में किसी भी प्रकार के नशे का उपयोग (इसमें तम्बाकू, सिगरेट, गुटका, पान आदि भी शामिल है) पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, छात्रावास में कार्यरत कोई भी कर्मचारी तम्बाकू, सिगरेट, गुटका, पान आदि का सेवन छात्रावास में नही करेगा। यदि कोई कर्मचारी इसका उल्लंघन करता पाया गया तो समिति के सदस्य जिला अधिकारी को सूचित करेंगे और जिला अधिकारी द्वारा उनके विरुद्ध तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी । विभागीय जिला अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि जिले के प्रत्येक छात्रावास में प्रत्येक वर्ष नशामुक्ति से संबंधित प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु बुल चित्र, पोस्टर, प्रदर्शनी एव नशामुक्ति से संबंधित कार्यशालाएं आयोजित की जाए, जिसके लिये जिले में पदस्थ सामाजिक न्याय एंव दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के जिला अधिकारी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का सहयोग लिया जा सकता है, विद्यार्थियों को नशामुक्ति से संबंधित प्रशिक्षण दिये जाने के लिये जिले में स्थित एल्कोहोलिक्स एनोनिमस संगठन के स्वयं सेवकों की सेवाएं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के माध्यम से ली जा सकेगी।



## खबर संक्षेप

### भारी वाहनों के प्रवेश पर एसडीएम ने लगाया प्रतिबंध

**कटनी।** एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने अमकुही इंडस्ट्रियल एरिया की तरफ भारी वाहनों के आवागमन पर 13 घंटे का प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध हर दिन लागू रहेगा। प्रबंधक आदेश जारी करते हुए कटनी एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने कहा कि रजिस्ट्रार कार्यालय कटनी एवं लोक सेवा केन्द्र शहरी एवं ग्रामीण कटनी में अत्यधिक संख्या में आम जनता का शासकीय कार्य से आगमन होता है। आम जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये एवं उक्त मार्ग में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये रजिस्ट्रार कार्यालय से होते हुये औद्योगिक क्षेत्र अमकुही की ओर आने-जाने वाले भारी वाहन एवं मालवाहक वाहनों के आवागमन को प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिये वर्जित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से क्रियाशील हो चुका है।

### विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन

**कटनी।** शासन के जनजातीय कार्य विभाग तथा कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश एवं सह सचिव मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसीडेंशियल एकेडमिक सोसायटी भोपाल के अंतर्गत विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 सायं 5 बजे तक है। प्रवेश पत्र 12 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 मार्च 2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगा। परीक्षा जिला एवं विकासखंड मुख्यालय के निर्धारित विद्यालयों में आयोजित होंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया या सहरिया), विमुक्त जनजातियां, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ समुदाय (डीएनटी,एनटी, एसएनटी) के अलावा वे बच्चे, जिन्होंने अपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद, उग्रवाद, कोविड आदि के कारण खो दिया है तथा विधवा की संतान, दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता (जिन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण के लिए भूमि दान की हो) वर्ग के विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन जारी, किसानों से 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा गेहूं का उपार्जन

**रीवा** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 20 जनवरी से शुरू है। पंजीयन 31 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक सीबीएस जादौन ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए 58 खरीदी केन्द्र प्रस्तावित किए जा रहे हैं। किसान इन खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गयी है।

**मुरुम चोरी की, रेत भी आ रही बिना रायल्टी के**

# चोर बाजारी से चल रहा पंचायतों का निर्माण कार्य


**शहडोल।** जिले की जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत करुआताल भ्रष्टाचार के दलदल में आकण्ठ डूबा हुआ है। लेकिन उस पर अंकुश लगाने की बजाय जनपद स्तर के अधिकारी उदासीनता बरत रहे हैं। पंचायत में सरपंच व सचिव का राज चल रहा है। लाखों का बजट हर साल आवंटित हो रहा है, इसके बाद भी पंचायत का विकास नहीं हो पा रहा है। निर्माण कार्य, खरीदी के मामले, बिलों के भुगतान आदि में धांधली की जा रही है, लेकिन कभी भी मामलों की जांच पड़ताल नहीं की जाती है। सीईओ जनपद कभी भी मॉनीटरिंग नहीं करते, न ही बिलों के भुगतान में आपत्ति लगाते है। निर्माण कार्यों में मुरुम की धड़ल्ले से सप्लाई हो रही है, जो कि चोरी की है, उसमें भी कोई पूछताछ नहीं की जाती है। हाल ही में एक सीसी रोड निर्माण का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें जमकर अनियमितता की गई है।

### घटिया सड़क निर्माण

ग्राम पंचायत में 8 दिसंबर 24 को सीसी रोड निर्माण के लिए स्वीकृति मिली थी। इस सड़क की लागत 6 लाख 94 हजार रुपए की थी। यह सड़क चैता कोल के घर से तमन्नू कोल के घर तक बनाई गई है। निर्माण कार्य पांचवे वित्त के मद से की स्वीकृत की गई थी। सड़क का घटिया दर्जे से निर्माण कराया गया है, मटेरियल कम लगाए और फर्जी वेण्डरों के जरिये बिल लगवाकर आहरित कर लिए गए। इसमें अधिकारियों ने न तो मटेरियल की जांच की न सड़क निर्माण की गुणवत्ता जांचने की जरूरत समझी,सारा खेल सरपंच व सचिव करते रहे और शासन का खजाना खाली होता रहा।

### चोरी की मुरुम आई

सीसी रोड के निर्माण के लिए मुरुम की आवश्यकता पड़ी तो 27 हजार 600 रुपए के लागत की चोरी की मुरुम लगवा दी गई। जब पूरे जिले में कहीं भी मुरुम की खदान नहीं है, तो फिर यहां पर मुरुम कैसे उपलब्ध हो गई, अधिकारियों ने इस बात की तहकीकात करना जरूरी नहीं समझा। मुरुम मंगा ली गई, भुगतान हो गया और अब तो शायद लोग भूल भी गए होंगे कि इस सड़क में पंचायत ने चोरी की मुरुम लगवाई थी। चोरी के मटेरियल का यह तो एक नमूना है, हर मामले में चोरी ही चल रही है। पंचायतों की हर सामग्री की खरीदी में चोरी की गुंजाइश बना ली जाती है। चोरी की मुरुम का भुगतान हुआ, उसमें वेण्डर ने पंचायत से जीएसटी तक वसूली गई है।




### आस्था ट्रेडर्स ने किया खेल

पंचायत के अंदर सचिव के चहेते बिना शासकीय प्रकिया पूरी किए वेण्डर बने बैठे हैं। मुरुम व अन्य मटेरियल सप्लाई करने वाली आस्था ट्रेडर्स द्वारा बीते वर्षों में पंचायतों में निर्माण सामग्री की सप्लाई जमकर की है, इस दौरान रेत, गिट्टी, मुरूम सहित अन्य खनिज की भी सप्लाई की गई है, खनिज विभाग अगर जनपद से आस्था ट्रेडर्स द्वारा लगाये गये बिलों की जांच करवाये तो, भ्रष्टाचार सहित चोरी का खुलासा हो सकता है, खनिज विभाग अगर पंचायत या वेण्डर से रॉयल्टी की मांग कर ले तो, पूरे मामले से पर्दा उठ सकता है, आश्चर्य की बात तो यह है कि जब जिले में मुरूम खदान नहीं है तो, आखिर आस्था ट्रेडर्स यह मुरूम आखिर कहां से ला कर सप्लाई दे रहे हैं।

### इनका कहना है...

मुरूम खदान नहीं हैं, लेकिन अन्य पंचायतों में भी सप्लाई हो रही है, अगर जांच होगी, तब हम जांच टीम को बतायेंगे कि हम कहां से मुरूम लाये हैं।

**संचालक**
**आस्था ट्रेडर्स**

# कार्य ऐसा करो जिसका सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त होः राज्यपाल



### राज्यपाल ने आदिवासी कला संकुल भवन का किया लोकार्पण तथा शुभारंभ

**उमरिया।** राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा है कि सभी को कार्य ऐसा करना चाहिए, जिससे हमेशा ही सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज को शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिलें, सभी ऐसा प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनप्रतिनिधियों को अपने कार्यकाल के दौरान एक ऐसा कार्य अवश्य करना चाहिए, जिन कार्यों को लोग एवं समाज हमेशा याद रखें। राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय पेंटिंग एवं कलाकृतियों को और अधिक प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, इसके लिए भी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि विशेष प्रयास करें। राज्यपाल मंगूभाई पटेल आज उमरिया जिले के ग्राम पंचायत लोढ़ा में आदिवासी कला संकुल भवन (आर्ट सेंटर) का लोकार्पण के दौरान यह बातें कहीं।

इस दौरान राज्यपाल ने ग्राम पंचायत लोढ़ा में विवेकाधीन अनुदान मद से लगभग 5 लाख रुपए लागत से निर्मित आदिवासी कला संकुल भवन (आर्ट सेंटर) का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यपाल ने सुप्रसिद्ध पद्मश्री तथा नारी शक्तिसम्मान प्राप्त स्व. जोधाईया बाई बैगा के परिजन श्रीमती रिंकू भाई बैगा, दुखिया बाई बैगा एवं श्री अमर बैगा से बैगा पेंटिंग आर्ट एवं बैगा कलाकृतियों के संबंध में चर्चाएं की। उन्होंने कहा कि यह हुनर दूसरे जनजातीय व्यक्तियों को भी अवश्य सिखाएं। इस दौरान राज्यपाल ने प्रशासन द्वारा दिए जा रहे सहयोग के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की तथा प्रशासन द्वारा किए गए सहयोग की प्रशंसा भी की। इस दौरान राज्यपाल को प्रशासन द्वारा बैगा पेंटिंग स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई।

ग्राम पंचायत लोढ़ा पहुंचने पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल का स्वागत बैगा जनजातीय के लोगों द्वारा पारंपरिक सैला नृत्य एवं कलश यात्रा निकालकर किया गया। इस दौरान राज्यपाल ने कक्षा आठवीं की छात्रा अल्का बैगा एवं शालिनी बैगा से भी चर्चा की तथा उनके शैक्षणिक गतिविधि एवं भविष्य में वह क्या बनना चाहती हैं, के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# चोरी गये 200 रोलर में 50 रोलर एवं पिकअप जप्त

### 5 आरोपियो को किया गया गिरफ्तार

शहडोल। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में लंबित चोरी के प्रकरणो के संबंध में लगातार समीक्षा कर चोरी गये मसरूके के बरामदगी के सार्थक प्रयास के लिए थाना प्रभारियो एवं राजपत्रित अधिकारियो को निर्देशित किया गया है फरियादी प्रकाश सेन पिता बी.एन. सेन उम्र 42 वर्ष निवासी बस स्टैण्ड के पास विवेक नगर थाना कोतवाली ने सोहागपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैं डेक्कन क्रोमेट्सलिमिटेड यूनिट-2 शहडोल मे प्लांट मैनेजर के पद पर कार्यरत हूँ, ग्राम गोरतरा आण्डहाई टोला में यूनिट-2 की फैक्ट्री है, जो वर्तमान मे बंद है, जिसे पुनः चालू करने के लिये मशीनरी के पार्टस् रोलर 400 नगए नट बोल्ट, पैनल्स, केबिल, 18 नग राड़ आदि काफी सामान रखा था , जो उक्त समान की सुरक्षा के लिये गार्ड लगा था, 20 फरवरी की सुबह 07 बजे फैक्ट्ररी का गार्ड मेरे पास फोन लगाया किए फैक्ट्ररी मे रखा उरोक्त समान मे से 250 नग रोलर व 18 नग राड़ 19 फरवरी के दरमयानी रात कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है । फिर मैं फैक्ट्ररी मे जाकर देखा तो उक्त सामान नही था। उक्त चोरी गया समान व आरोपियो का पता तलाश करता रहा जिनका पता नही चला।





### 5 गिरफ्तार, 4 फरार

सोहागपुर थाना में लंबित चोरी के प्रकरण में विवेचना के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अब्दुल रहमान अंसारी उर्फ छोटा भइया, दीपक राम बैगा उर्फ सिन्धू, मो. सादिक खान उर्फ पूना, विकास कोल एवं तुलसीदास बैगा लोहे के रोलर पिकअप में लोड कर ग्राम दूधी के जंगल में डोंगरी में छिपा कर रखे है, जिन्हे दस्तयाब कर पांचो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेशकिया गया, जहाँ से न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेजा गया है, वहीं उक्त मामले के 4 आरोपी सादिक अंसारी पिता अब्दुल कदीर अंसारी, उमर अंसारी पिता अब्दुल कदीर अंसारी, मोहम्मद अहमद निवासी पुरानी बस्ती शहडोल, ओमप्रकाश कोल निवासी अंतरा थाना कोतवाली शहडोल फरार हैं।

### इनकी रही भूमिका

उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी भूपेन्द्रमणि पाण्डेय, उपनिरीक्षक आनन्द कुमार झारिया, सहायक उपनिरीक्षक रामनारायण पाण्डेय, आरक्षक संतोष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक मनोज शुक्ला, सुरेन्द्र पटेल, आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा, सुनील त्रिपाठी, आर पवन सिंह, लवकुश शुक्ला व प्रधान आरक्षक चालक हरेन्द्र सिंह की भूमिका रही ।

# विराटेश्वरी धाम से भगवान भोलेनाथ की निकली बारात



### भजन संध्या, विशाल भंडारे किया आयोजन

**शहडोल।** श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता सेवा समिति के सेवादारों द्वारा बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात, भजन संध्या एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन श्री दुर्गा माता सेवा समिति द्वारा किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर के मोहन राम जानकी मंदिर से भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात गाजे-बाजे के साथ नगर में निकाली गई, इस अवसर पर नगर में भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ की आरती उतारकर स्वागत किया गया एवं प्रसाद वितरण नगर में जगह-जगह किया गया। बारात नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्री विराटेश्वरी धाम पहुंची, जहां मंदिर के पुजारी आशीष राज तिवारी एवं जयंतराज तिवारी द्वारा भगवान भोलेनाथ की बारात का आरती उतारकर स्वागत किया गया। वही मंदिर के पुजारी आशीषराज तिवारी ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ की आकर्षक झांकी भजन संध्या एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है । इस अवसर पर भजन संध्या की प्रस्तुति जबलपुर जागरण ग्रुप बम्बें मैलोडी के कलाकारों द्वारा दी गई, जहां भजन संध्या के गायक कलाकारों द्वारा भगवान भोलेनाथ के भजन एवं माता रानी की भेंटे गाकर भक्तों का मन मोह लिया, भजनों की प्रस्तुतियां सुन भक्त भी अपने आप को नहीं रोक पाए और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों में झूमते नजर आए, इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंदिर समिति के संरक्षक नारायण पांडे, मोहन श्रीवास्तव, राजेश त्रिपाठी, अजय श्रीवास्तव , पुरुषोत्तम गुप्ता, सिंमू केवट ,सुमित गुप्ता ,विकास तिवारी ,अंकित राज तिवारी, गीतेश राज तिवारी, विनय केवट , अभिषेक सोंधिया, शिवम दुबे ,शुभम अग्निहोत्री, राहुल श्रीवास, मोहित द्विवेदी ,रंजन गुप्ता, जतिन मंगलानी, राज , अक्षत,अभिषेक, बाजे,भालू माली ,शैलेश ताम्रकार ,शिवम्, शुभम , बेटू, सन्नी सोधिया, गगन, रवि केवट सहित हजारों की संख्या में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की बारात, भजन संध्या में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बनाया।

### आईपीएस स्कूल में करियर काउंसिलिंग व परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम संपन्न

उमरिया। जिले की प्रतिष्ठित आईपीएस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कैरियर काउंसलिंग का सेमिनार तथा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम अयोजित किया गया। जिसमें हर फील्ड से एक्सपर्ट और स्पीकर बुलाए गए थे, जिन्होंने अपने विचार अपने अनुभव सबके सामने रखे। यह कार्यक्रम 10वी बोर्ड एग्जाम में सम्मिलित छात्र-छात्राओं के लिए रखा गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का कैरियर काउंसिल कर उन्हें हर फील्ड की जानकारी देना जिससे भविष्य में बच्चे अपना करियर सुनहरा बना सकें। कार्यक्रम में आईपीएस डायरेक्टर इंजीनियर वसीम खान ने अपने फील्ड से आए सभी एक्सपर्ट अतिथि डॉ. सी.पी. साक्या एम. बी. बी. एस., डी.के.सारस जेल अधीक्षक, इंजीनियर गरिमा शर्मा सीनियर लेक्चरर पॉलीटेक्निक कॉलेज, सी.ए. दीपक सचदेव चार्टर्ड एकाउंटेंट, मोहम्मद शारिब कांस्टेबल, का बुके द्वारा स्वागत किया। डी.के. सारस जो उमरिया में जेल अधीक्षक के रूप में पदस्थ है, जिन्होंने बच्चों को बताया कि वह किस तरह पीएससी, यूपीएससी की परीक्षाओं में सफल हो साथ ही साथ परिश्रम करते हुए हार नहीं माननी चाहिए। उसके बाद हमारे समक्ष चार्टर्ड एकाउंटेंट दीपक सचदेव ने बच्चों को बताया कि किस तरह से कॉमर्स स्ट्रीम के बाद चार्टर्ड एकाउंटेंट बनें। और कैसे अपने लक्ष्य की ओर अग्रेषित रहे। साथ ही साथ उन्होंने बच्चों को ये भी बताया कि कॉमर्स की फील्ड से वो क्या क्या कर सकतें हैं। अगले क्रम में हमारे एक्सपर्ट थे, डॉक्टर सी.पी. शक्या जिन्होंने अपनी एम. बी. बी.एस. की पढ़ाई ग्वालियर से पूरी की, और वर्तमान में शिशु चिकित्सक के रूप में गवर्नमेंट हॉस्पिटल उमरिया में पदस्थ है। इन्होंने बच्चों को मेडिकल फील्ड के बारे में जानकारी दी, साथ ही डॉक्टर बनने के लिए सम्पूर्ण जानकारी दी गयी। उसके बाद हमारे समक्ष इंजीनियर गरिमा शर्मा आई जो कि वर्तमान में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में सीनियर लेक्चरर के रूप में पदस्थ है, उन्होंने बच्चों को मैथ्स फील्ड के बारे में बताया कि किस तरह मैथ्स हमारे लिए जरूरी है और हर पहलू में उसका उपयोग हैं। मैथ्स स्ट्रीम से हम भविष्य में क्या क्या कर सकतें हैं। इन सभी एक्सपर्ट्स के गाइडेंस से बच्चों को बहुत मदद मिली और बच्चों को उनके भविष्य से जुड़े सवालों के जवाब मिले। सभी अतिथि आई पी एस स्कूल प्राचार्य, डायरेक्टर, शिक्षक को धन्यवाद प्रेषित करते हुए, यह बताया कि उमरिया जिले मे आईपीएस विद्यालय द्वारा सर्वप्रथम जिले में कैरियर काउंसिलिंग सेमिनार कराया गया। जिससे बच्चों को हर फील्ड की जानकारी मिली। कार्यक्रम का मुख्य संचालन शिक्षिका खुशी तिवारी ने किया।



### शारदा पासी बने समयपाल महासंघ के जिला अध्यक्ष

**रीवा।** समयपाल महासंघ शाखा रीवा द्वारा आवश्यक बैठक बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता नरेन्द्र पाण्डेय द्वारा कर्मचारी काँग्रेस द्वारा की गई। बैठक में समयपाल महासंघ के अध्यक्ष रामजी शर्मा फरवरी महीने वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए अध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया बैठक में पूर्ण की गई, जिसमें सर्व सम्मति से शारदा प्रसाद पासी निवासी बिछिया को समयपाल महासंघ शाखा रीवा का निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुना गया। बैठक में प्रमुख रूप से वरूणेन्द्र त्रिपाठी,दिनेश,उमाकान्त शर्मा, बदरूद्दीन खान,श्रीनाथ तिवारी,सुरेन्द्र सिंह,बालगोविंद मिश्रा एवं सुरेन्द्र पाण्डेय आदि सदस्य बैठक में मौजूद रहे। साथ ही कर्मचारी काँग्रेस की ओर से केके पाण्डेय,शिव कुमार शर्मा,विश्वमुनी पाण्डेय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# अव्यवस्थित पार्किंग पर सख्ती, ढाबों और दुकानों के पास खड़े वाहनों पर विशेष नजर



**रीवा।** जिले में प्रयागराज कुंभ मेले से लौट रहे तीर्थयात्रियों का वाहन मनगंवा क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और दुर्घटना के कारणों की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने यातायात व्यवस्था और सुरक्षा उपायों का बारीकी से जायजा लिया।महाशिवरात्रि के पर्व को ध्यान में रखते हुए रीवा से प्रयागराज जाने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष सतर्कता बरतने और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखने का आदेश दिया।साथ ही,यात्रियों को सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने कहां की लगातार अधिक दूरी तक बिना आराम किए वाहन न चलाएं।सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से वाहन पार्क न करें,पार्किंग लाइट का उपयोग करें।अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट का उपयोग करें।सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड और दिशा निर्देशों का पालन करें।वाहन को नियंत्रित गति में ही चलाएं।दुर्घटनाओं से बचाव के लिए विभिन्न स्थानों पर पोस्टर,बैनर और मार्ग सूचकांक लगें हैं।पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने सड़क किनारे संचालित ढाबों और दुकानों के पास अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने की अपील की है।निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# पानी की समस्या को लेकर धरने पर बैठे जिला पंचायत सदस्य



**रीवा**

जिले के गुढ़ तहसील अंतर्गत पानी की समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी धरने पर बैठे हुए हैं। बता दे कि 25 फरवरी से लगातार नहर के किनारे ग्राम चौडियार में संकल्प के साथ किसानों के साथ वार्ड 15 के जिला पंचायत सदस्य अनशन पर बैठे हुए हैं उनका संकल्प है की नहर का पानी जब तक गुढ़ की रेडवा और बिछिया नदी में नहीं छोड़ा जाता और नदियां जब तक पानी की पूर्ति नहीं हो जाती,सूखे फसलों को पानी नहीं मिल जाता और जनता की प्यास नहीं बुझाई जाती तब तक हम अनशन पर अनवरत बैठे रहेंगे, वही उनका कहना कि यहां पर किसानों की जमीनें ली गयी इस शर्त पर हम लगातार पानी देते रहेंगे वही किसानों की जमीनें लेने के बाद भी नहरें सूखी पड़ी है पशु पक्षी बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं जनता में पानी पीने के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है पानी नहरों में न आने से क्षेत्र का जलस्तर इतना नीचे चला गया है की सभी बोर और हैण्ड पम्प सूख गयें है वो केवल पानी नहीं हवा दें रहे हैं नहरों में साफ-सफाई नहीं होती पूरे नहर में मिट्टी धंसी हुई है झाड़ झंखाड के कारण नहरों में जब कभी पानी छोड़ा भी जाता है तो पानी का अवरोध होता है एवं पानी का कटाव हो जाता है इसकी समय-समय पर साफ सफाई एवं मरम्मत नहीं किया जाता जिससे पानी छोड़ने पर भी नदी पर पानी नहीं पहुंच पाता इसलिए समय-समय पर इस पर ध्यान देते हुए इसका मरम्मत कार्य किया जाए।

# अब ऑनलाइन होगा जीपीएफ का अंतिम भुगतान

**रीवा**

शासकीय कार्य से सेवानिवृत्त होने पर अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके सामान्य भविष्यनिधि खाते जीपीएफ की राशि का भुगतान किया जाता है। इसके अंतिम भुगतान की व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए अब ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था की गयी है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को वित्त विभाग के पोर्टल आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर ही ई-जीपीएफ के माध्यम से अंतिम भुगतान ऑनलाइन किया जायेगा। इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश 21 फरवरी 2025 से लागू कर दिये गये हैं। कलेक्टर ने कहा है कि ई-जीपीएफ भुगतान के संबंध में सभी आहरण संवितरण अधिकारियों और लेखापालों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण ई दक्ष केन्द्र शिल्पी प्लाजा बी-ब्लाक रीवा में तीन और चार मार्च को आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण दो सत्रों में सुबह 11 बजे से एक बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक दिया जायेगा। सभी आहरण संवितरण अधिकारी अपने लेखापाल के साथ प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। जिला कोषालय अधिकारी तथा जिला ई प्रबंधक ई-गवर्नेंस प्रशिक्षण के लिए सभी आवश्यक प्रबंध के निर्देश हैं।

## खबर संक्षेप

### पीएम किसान सम्मान निधि की राशि से कृषि कार्यों की जरूरतें पूरी करने में मिली मदद



**अनूपपुर।** केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों की उन्नति के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना भी इन्ही योजनाओं में से एक है। इस योजना ने सतत रूप से किसानों को आर्थिक सशक्तिकरण का ऐसा मजबूत आधार स्तंभ प्रदान किया है, जिससे न केवल उनके परिवारों में समृद्धि आना प्रारंभ हुई है, अपितु कृषि क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव दृष्टिगोचर हुए हैं। इसी तारतम्य में अनूपपुर जिले के ग्राम बरबसपुर निवासी श्रीमती रेखा पाठक ने बताया कि वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की लाभार्थी हैं। उन्हें इस योजना के अंतर्गत वर्ष में तीन किश्तों में 6 हजार रुपये की राशि मिलती है। इस राशि से उन्हें खेती-बाड़ी के कार्यों में आर्थिक मदद के साथ ही बीज, खाद एवं दवाईयों के खर्चे में काफी हद तक राहत मिली है। इस प्रकार अब उन्हें खेती कार्य के दौरान छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में परेशानी का सामना नही करना पड़ता है। श्रीमती रेखा पाठक ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिली राशि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को किसानों के प्रति संवेदनशीलता के लिए धन्यवाद दिया है।

### जिपं सामान्य सभा की बैठक 5 मार्च को

**अनूपपुर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 05 मार्च को अपरान्ह 2 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया है कि बैठक एजेंडा बिंदु तथा अन्य विषयक चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सर्व संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

### धान उपार्जन की 177.99 करोड़ की राशि किसानों के खाते में हुई अंतरित

**अनूपपुर।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 34 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया गया। जिले में 21975 पंजीकृत किसानों में से 18741 किसानों से धान उपार्जन के अंतिम तिथि तक 98732.7 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते ने बताया कि अब तक 18000 किसानों के बैंक खाते में 177.99 करोड़ की राशि का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शेष किसानों के खातों में राशि भेजने की कार्यवाही जारी है।

### पांच दिवसीय मेले के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु



**अनूपपुर।** मां नर्मदा की उद्गगम नगरी अमरकंटक मे महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय मेला के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा तथा शिवालयों मे पूजा-अर्चन किया। मेला ग्राउंड अमरकंटक में आयोजित पांच दिवसीय मेला के दूसरे दिवस बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने मेला में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की, मेला में लगाई गई दुकानों में लोगो ने खरीदी की। बच्चों ने मेला में विभिन्न प्रकार के लगाए गए झूलो का आनंद लिया। खिलौने खरीदे, महिलाओं ने घरेलू जरूरत की सामग्रियां खरीदी। अमरकंटक पहुंचे लोगों ने अमरकंटक स्थित विभिन्न दार्शनिक स्थलों का भी अवलोकन किया गया।

---

#### अमानक स्तर का बिक रहा बोतल व पाउच का पानी

# सेहत के लिये हानिकारक हो सकता है बोतल बंद पानी




गर्मी की शुरूआत के साथ ही निरंतर बढ़ रहे जल संकट की समस्या को देखकर हर दिन पानी पाउच व बॉटल की नई-नई कंपनियां मार्केट में उतर रही है वहीं पीने की पानी का मांग भी तेजी से बढ़ रहा है, जिनसे कंपनी को मुनाफा होता है वहीं उपभोक्ता बिना कोई जांच पड़ताल किये इस पानी को खुले पानी से बेहतर समझ कर महंगी कीमतों मे पी रहे है जबकि हकीकत तो यह है कि खुले पानी से यह पानी भी कम खतरनाक नहीं है।

**अनूपपुर।** लगातार बढ़ रहे जल संकट की समस्या को देखते हुये जहां सामाजिक संस्थाये व प्रशासन द्वारा इन दिनों पानी बचाने की हेतु ग्राम पंचायतों की जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्य शाला की माध्यम से जागरूकता पैदा करने एवं संगठनों का अथक प्रयास की बाते सिर्फ कागजों में ही दिखाई जाती है वहीं शासन द्वारा आई हुई राशि को विभागीय कर्मचारी खानापूर्ति कर डकार रहे हैं। पानी बचाने का अभियान इतना कारगार साबित हो रहा है यह तो समुचित जिले में हो रहे पानी की दुरू पयोग देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

**संबंधित विभाग सोया नींद मे, ठोस कार्यवाही की दरकार**

#### नहीं होता निर्धारित मापदंडो का पालन

जानकारी के मुताबिक बोतलबंद पानी विक्रय की कंपनी स्थापित करने शासन द्वारा निश्चित मापदंडों को निर्धारित किया गया है। इसका पालन कराने के लिए प्रशासन द्वारा बाकायदा अधिकारी कर्मचारी तैनात किये गये हैं ताकि गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ न हो और बोतलबंद व पानी पाउच खरीदकर पीने वालों के स्वास्थ्य पर इसका वितरीत असर न पड़ सके।

#### फैशन का चढ़ा खुमार

आधुनिक व फैशन की बढ़ते इस युग में जहां पानी पाउच का बोतलबंद हर जगह सुलभ होने की वजह से इसका इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। वहीं फैशन की नजरियें में भी इसका प्रचलन आजकल शादी के मंडप, घरों में पार्टियां व छोटे-मोटे फंकशन में अब लोग गिलासों में पानी पिलाना अपनी तौहीनी समझते है बोतलबंद पानी व पाउच अब फैशन के रू प में लोगों को भाने लगा है। इसी कारण जरूरत व आवश्यकता अनुसार लोग इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे है तो वहीं अपना रूतवा दिखाने का माध्यम बन कर रह गया है।



#### पर्यावरण के लिये भी बना खतरा

लोगों को सुलभता से पेयजल उपलब्ध कराने के लिये प्लास्टिक कंटेनर, बोतल एवं प्लास्टिक के पाउच भले ही लोगों के पास सुलभता से उपलब्ध हो जाते है लेकिन यही प्लास्टिक के कंटेनर हो या बोतल या फिर प्लास्टिक के पाउच जिसे पानी पीने के बाद उपभोक्ता सड़कों पर फेंक देते है जो पर्यावरण के लिये खतरा पैदा कर रहे है वहीं मूक बधिर जानवर खाकर काल के गाल में समा रहे है। इसके बावजूद भी विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

#### निर्धारित मूल्यों से अधिक में बिक रहे है शीतल पेय

क्षेत्र में नकली अमानक खाद्य पदार्थो की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है जगह-जगह पानी पाउच व बोतल बंद शीतल पेय बेचे जा रहे है इन पानी पाउचों पर निर्माण तिथि कहीं भी नही लिखी जाती है जिसके चलते उपभोक्ता यह जान ही नही पाता है कि पानी पाउच में किसी तिथि को पैक किया और वह इसका उपयोग कर संक्रमण का शिकार होकर तमाम बीमारी को न्यौता देकर अपने परिवार के साथ खिलवाड़ कर रहा है। अनूपपुर जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं नियंत्रण विभाग के कर्मचारी अधिकारी भी पदस्थ है, परंतु वे सेम्पल जांच के लिये नमूना कहां लेते है और कब क्षेत्र मे आते है यह सिर्फ वही लोग जानते है, जिसका परिणाम क्षेत्र भुगत रहा है।

---

## अमरकंटक विवि में हुए फूड पॉइजनिंग के खिलाफ एव्हीबीपी ने खोला मोर्चा

### आंदोलन एवं प्रदर्शन कर कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक विगत दिनों गुणवत्ताविहीन भोजन के कारण 100 से अधिक छात्राओं फूड प्वाइजनिंग शिकार हुए जिसे शिवपाल सिंह बुंदेला कैटरर्स द्वारा परोसा गया था। ज्ञात हो कि बुंदेला कैटरर्स का इतिहास पहले से ही खराब है एवं ब्लैकलिस्ट भी है। इसके बाद भी विश्वविद्यालय में मेस संचालन का टेंडर उनको कैसे प्राप्त हो गया एवं लगातार छात्राओं से मिल रही शिकायत आए दिन गुणवत्ता विहीन भोजन परोसा जाता था। भोजन सामग्री की जांच, शिवपाल सिंह बुंदेला को टेंडर प्रक्रिया में हुई अनियमितता, विश्वविद्यालय में उपस्थित वाटर फिल्टर का नियमित जांच, छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य से जुड़े विषय, विश्वविद्यालय में स्थित केंद्रीय पुस्तकालय को पूरे समय खोले जाने एवं विभिन्न विषयों को लेकर विद्यार्थी परिषद इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय इकाई द्वारा आंदोलन कर प्रभारी कुलपति ब्योमकेश त्रिपाठी को तत्काल कार्यवाही हेतु ज्ञापन दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह एवं सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।



---

# मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है ...



#### नाप तौल विभाग की सांठ-गांठ से लुट रहे उपभोक्ता, कार्यवाही की दरकार

**अनूपपुर।** नाप तौल विभाग की अनदेखी के कारण जिले में तराजू बाटो में कई तरह की खराबियां बनी रहती है लेकिन विभाग अनदेखी करते हुए टालमटोली करता है। जिससे उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़ता है। विभाग निरीक्षकों की कमी का बहाना बनाकर चालाक लोगों को उपभोक्ताओं को ठगने पर छोड़ देता है। विभाग की अनदेखी के कारण चाल बाज कुछ लोग अपना उल्लू सीधा करने में लग गए हैं। देखने में आता है कि कई दुकानदार अपनी बिगड़ी हुई तराजू और पुराने बिना सील लगे बांटों से ही काम चलाते रहते हैं। यहां तक कि तराजू की कड़ी चढी रहती है। उसी से नाप तौल करते रहते हैं। नापतौल विभाग के द्वारा कोई चेकिंग अभियान या मुहिम नहीं चलाई जाती है। सिर्फ कागजी खानापूर्ति करते हैं यही वजह है कि कुछ लोग चालाकी के साथ उपभोक्ता को कम सामान तौल कर देकर लगातार मुनाफा कमाते रहते हैं। कभी कभार अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभाग यदा कदा ही ठेकेदार के साथ कुछ लोगों के तराजू बांट का निरीक्षण करते हैं। ऐसा कभी कभार ही किया जाता है कुछ माह पूर्व विभाग के कर्मचारी तराजू बांट देखने बाजार में आए थे। वहां पर कुछ तराजू बांट देखे और चलते बने।

**बिगड़ी हुई तराजू और पुराने बांटों से हो रही नाप-तौल**

#### तराजुओं में करते है कलाकारी

जिला मुख्यालय में कुछ फल और सब्जी वालों की तराजू को देख कर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनकी तराजू कितनी ठीक है। उनकी तराजू बिना सामान रखे भी झुकी हुई दिखती है। फिर उस पर सामान रखने के बाद भी वह उसी तरह झुकी पाई जाती है। ज्यादा बात करने पर बहस की स्थिति निर्मित हो जाती है।ग्राहक को सही मात्रा वजन मिले यह तय करना नापतोल विभाग की जिम्मेदारी है नापतोल विभाग का काम है कि वह इस्तेमाल किए जा रहे उपकरणों की नियमित रूप से जांच करें और जो शख्स कम नापतौल रहा है उसके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही करें लेकिन विभाग के कथित अधिकारी को सिर्फ अपनी जेब ही से मतलब है।



#### अमानक बाट का उपयोग

नापतौल विभाग की गतिविधियां शायद ही कभी धरातल पर दिखी हो दुकानों की नापतौल से लेकर बाट बखरी की प्रमाणिकता का सत्यापन महज कागजी घोड़े साबित हो रहे हैं। जानकारों का कहना है कि इस परिपेक्ष्य में यह कैसे उम्मीद की जा सकती है कि विभाग उपभोक्ताओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरीके निभाता होगा। नगर में स्थित सब्जी मंडी के कुछ दुकानदार वर्तमान में पत्थर के बाट का इस्तेमाल कर रहे हैं इसके अलावा आटा चक्की वाले भी इसी तरह के बाटों उपयोग करते देखे जा सकते हैं लीडरों में भी नापतौल विभाग की सील नहीं दिख रही है। इसी तरह कपड़ा मापने के लिए उपयोग किए जाने वाले मीटरों पर नापतौल विभाग द्वारा किया जाने वाला सत्यापन नजर नहीं आता।

#### यह कहते हैं मापदंड

बाट माप मापने तौलने मापने के यंत्र जैसे लकड़ी डंडी ईट पत्थर के बाट का प्रयोग नहीं होना चाहिए यह अवैधानिक और दंडनीय अपराध है। जानकारी होने पर विभाग को कार्यवाही करनी चाहिए तराजू की भुजा पर निरीक्षक की सील लगी होनी चाहिए इससे उसकी वैधता की पुष्टि होती है। डिब्बाबंद वस्तुओं पर निर्माता पैकर्स और आयातकर्ता का नाम तथा पता होना तथा कस्टमर केयर का नंबर होना अनिवार्य है।

---

# युवा दिवस के अवसर पर किया गया स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का शुभारंभ

#### युवा शक्ति मिशन-आत्म निर्भरता की ओर कदम

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और रचनात्मक दिशा देने के लिए स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का शुभारंभ किया जा चुका है। यह मिशन स्वामी विवेकानंद के उस विचार से प्रेरित है जिसमें उन्होंने युवाओं को जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने और समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए अपने आंतरिक प्रकाश का अनुसरण करने का संदेश दिया था। भारत जो कि दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र है, अपनी कुल जनसंख्या का 27.3 प्रतिशत हिस्सा 15 से 29 वर्ष के युवाओं के रूप में समेटे हुए है। यह मिशन उन युवाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, जिससे वे अपने सामर्थ्य को पहचानकर जीवन की हर चुनौती का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें और प्रदेश के विकास में योगदान दे सकें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ज्ञान दृष्टिकोण (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी शक्ति) और मध्यप्रदेश की युवा नीति-2023 को ध्यान में रखते हुए इस मिशन को विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, रोजगार के अवसर और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना है। मिशन न केवल शहरी क्षेत्रों के युवाओं के लिए है, बल्कि ग्रामीण, पिछड़े और आर्थिक-सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं को भी ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसमें विशेष रूप से महिलाओं, दिव्यांग, युवाओं और किसानों को सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है। मिशन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी क्षमताओं और रुचियों का विकास कर सकें। इसके अंतर्गत युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने, उनकी कौशल दक्षताओं को बढ़ाने और उनकी ऊर्जा को समाज और देश की प्रगति में सकारात्मक रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस मिशन के तहत शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जाएंगे। शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए सीएम राइज स्कूल और पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, तकनीक और डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हुए शिक्षण पद्धतियों को अधिक प्रभावशाली और आधुनिक बनाया जाएगा। अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करने के लिए नए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे युवा नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दे सकें। मिशन में युवाओं के कौशल संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना के माध्यम से रोजगार के लिए आवश्यक दक्षताओं का विकास किया जाएगा। पर्यटन, कृषि और सेवा क्षेत्रों में कौशल विकास के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके अलावा, युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की जाएंगी। मिशन का एक महत्वपूर्ण पहलू युवाओं को सामाजिक पहलुओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। उन्हें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता और राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। इस मिशन की निगरानी के लिए एक मजबूत तंत्र विकसित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न गतिविधियों और उनके प्रभावों का आकलन किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक पहल की प्रगति पर नजर रखने के लिए एक डिजिटल डैशबोर्ड बनाया जाएगा, जिससे इसकी सफलता सुनिश्चित की जा सके। स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का शुभारंभ 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर किया गया है। यह मिशन प्रदेश के युवाओं को उनके सपनों को साकार करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करेगा। आत्मनिर्भरता और समृद्धि की ओर यह पहल युवाओं को अपनी ऊर्जा को रचनात्मक दिशा में लगाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

---

# कोल इंडिया में मेडिकल अनफिट पर नहीं बनी सहमति

#### एपेक्स जेसीसी की बैठक में उठे 60 से अधिक मुद्दे

**राजनगर।** कोल इंडिया ऐपेक्स कमेटी की बैठक सोमवार को कोलकता में हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम. प्रसाद ने की। जिसमें एजेंडा के तहत कोल इंडिया प्रबंधन ने कंपनी के उत्पादन, उत्पादकता, मशीनों के उपयोग आदि विषयों की विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही कंपनी की भविष्य की योजनाओं की भी जानकारी दी गयी। सूत्रों के अनुसार बैठक में एटक नेता रमेंद्र कुमार ने रिसट्रिक्टेड सर्टिफिकेट होल्डरो के करियर ग्रोथ का मुद्दा उठाया। जिस पर प्रबंधन की ओर से मामले को देखने की बात कही गयी। इस दौरान यूनियन की ओर से ग्रेजुएट राशि 20 लाख से बढ़कर 25 लाख करने, दुर्घटना अनुकंपा राशि 15 से 25 लाख करने समेत, 60 मुद्दे उठाए गए। इनमें से कुछ मुद्दों पर कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से सकारात्मक जवाब दिया गया। जबकि कुछ पर साफ-साफ इंकार कर दिया गया। वहीं कुछ मुद्दों पर प्रबंधन की ओर से असमर्थता जताई गयी। बैठक में मेडिकल अनफिट का भी मुदा उठा। जिस पर प्रबंधन ने साफ साफ इंकार करते हुए कहा कि उक्त मामले को लेकर संसद को भी जवाब भेज जा चुका है। बैठक में निदेशक (कार्मिक) विनय रंजन, निदेशक (बिजनेस डेवेलपमेंट) देवाशीश नंदा, निदेशक मार्केटिंग) मुकेश चैधरी, निदेशक (वित्त) मुकेश अग्रवाल, निदेशक (तकनीक) अच्युत घटक समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जबकि यूनियन की ओर से एटक से रमेंद्र कुमार, एचएमएस से नाथूलाल पांडेय, बीएमएस से केएल रेड्डी, सीटू से डीडी रामनंदन व सीएमओएआइ से सर्वेश सिंह उपस्थित थे वहीं बीसीसीएल, इसीएल समेत अन्य अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

Coal India Limited
A Maharatna Company

#### पेंशन को जिंदा रखने की जवाबदेही कोल इंडिया की

कहा गया कि कोल इंडिया की जवाब देही है, कि पेंशन को जिंदा रखें, सीपीआरएमएस पर कोल इंडिया प्रबंधन का रुख सकारात्मक रहा। बैठक में कोल इंडिया की एन्यूटी स्कीम 2020 का भी मामल उठाते हुए कहा, कि इसमें जमीन के बदले दिया जाना वाला राशि कम है। उसे बढ़ाया जाये, कहा कि जिनकी भी दो एकड़ से कम जमीन है, उन्हें भी समुचित राशि दी जाये। जो लोग नौकरी नहीं लेना चाहते हैं, उन्हें कैटेगरी वन का वेज दिया जाये। बैठक में कोल इंडिया में कार्यरत ठेका मजदूरी को सालाना बोनस जो 8.33 फीसदी दिये जाने पर सहमति बनी थी। इसमें अब तक किनको मिला और किनको नहीं मिला। इसकी भी पूरी सूची कोल इंडिया प्रबंधन से मांगी गयी। यह भी कहा गया कि कोल इंडिया की हर कंपनी स्तर पर जितनी भी शिकायतें है, उनके निराकरण के लिए एक कमेटी का गठन किया जाये। इसके अलावा इम्पलॉयी बेनिफीट जिसे 47 फीसदी से घटा कर 37 फीसदी कर दिया गया है, उसे फिर से 47 फीसदी किये जाने की मांग की गयी।